

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'धुरंधर 2' का ट्रेलर देख 'आउट ऑफ कंट्रोल' हुईं आलिया भट्ट


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 46 ■ अंक : 6 ■ सोमवार 9 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# पुलिस बनी देवदूत

## अंबरनाथ, उल्हासनगर पुलिस की मदद से कुछ मिनटों में विद्यार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और उल्हासनगर यातायात पुलिस के दो पुलिसकर्मियों ने अपनी दोपहिया वाहन पर बारहवीं परीक्षा देने के लिए कल्याण जा रहे दो विद्यार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचा कर देवदूत का किरदार अदा किया है. शनिवार दोपहर 2.30 बजे 12वीं के भूगोल विषय की परीक्षा थी. विद्यार्थी सुजित मिश्रा और उसका एक परीक्षार्थी मित्र अंबरनाथ से कल्याण परीक्षा देने निकले थे, लेकिन उस समय लोकल ट्रेन उपलब्ध ना होने से वह मुश्किल में आ गए. परीक्षा शुरू होने का समय नजदीक आने पर विद्यार्थियों ने हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करके सहायता मांगी. ये जानकारी मिलने पर ठाणे शहर यातायात शाखा के पुलिस उपायुक्त संजय शिरसाट ने तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचित किया. उनके निर्देशानुसार कल्याण विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त किरण बालवडकर और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाट ने तत्काल उन विद्यार्थियों को कल्याण-बदलापुर रोड पर साईबाबा मंदिर के पास आने के लिए कहा. उस समय उल्हासनगर बीट मार्शल सलमान तडवी और उल्हासनगर बीट मार्शल के विजय गायकवाड़ तुरंत वहां पहुंचे. दोनों पुलिस ने प्रत्येक विद्यार्थी अपने दोपहिया वाहन पर बिठाकर तेजी से कल्याण के जोशीबाग पारनाका परिसर अचिव्हर्स पब्लिक हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित तरीके से पहुंचाया.

विदित हो कि बारहवीं की परीक्षा के पार्श्वभूमि पर विद्यार्थियों को समय पर पहुंचने के लिए ठाणे सहर यातायात पुलिस ने विशेष मदद उपक्रम शुरू किया है. इसके लिए विविध ठिकानों पर 54 रायडर्स तैनात रखे गए हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को बड़ा दिलासा मिल रहा है.

# उल्हासनगर से जुड़े IVF के तार

- भगवान हॉस्पिटल में सोनोग्राफी सेंटर सील
- म्युनिसिपल मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की कार्रवाई




**उल्हासनगर.** बदलापुर में महिला सीमेन केस की जांच में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। पता चला है कि उल्हासनगर के एक सोनोग्राफी सेंटर में काम करने वाली एक युवती सोनोग्राफी के लिए आने वाली महिलाओं का चुपके से वीडियो बनाकर आगे भेज रही थी।

मिली जानकारी के मुताबिक, उल्हासनगर के भगवान हॉस्पिटल में सोनोग्राफी सेंटर में काम करने वाली युवती सोनल गरेवाल को बदलापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि यह युवती सोनोग्राफी के लिए आने वाली महिलाओं की सोनोग्राफी करते समय अपने मोबाइल फोन पर वीडियो रिकॉर्ड कर दूसरों को भेज रही थी।

इसी बीच, उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा ने रेगुलर इंस्पेक्शन टूर के दौरान भगवान हॉस्पिटल में सोनोग्राफी सेंटर का इंस्पेक्शन किया। उस समय उन्होंने देखा कि युवती सोनोग्राफी करते समय वीडियो रिकॉर्ड कर रही थी। यह भी पता चला कि सोनोग्राफी मशीन चलाने के लिए जरूरी मेडिकल क्वालिफिकेशन न होने के बावजूद वह सोनोग्राफी कर रही थी। इस गंभीर घटना का संज्ञान लेते हुए डॉ. धर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित सोनोग्राफी सेंटर को सील कर दिया है और उसका लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस मौके पर यह सवाल उठ रहा है कि क्या इस हॉस्पिटल के डॉक्टरों को भी इस तरह की बात पता थी, और अगर थी, तो उन्होंने इसकी शिकायत क्यों नहीं की। इस बीच, बदलापुर फीमेल सीमेन ट्रैफिकिंग केस की जांच में और क्या बातें सामने आती हैं, इस पर भी सबका ध्यान है।

## ठाणे का IVF सेंटर भी जांच के घेरे में

- ठाणे मनपा की 6 स्पेशल टीमें जांच के लिए तैयार
- कड़ी कार्रवाई के संकेत



**ठाणे.** ठाणे महानगर पालिका और बदलापुर पुलिस के नासिक के लिए परमिशन लेकर ठाणे में खोले गए IVF सेंटर पर कार्रवाई करने के बाद, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के हेल्थ डिपार्टमेंट ने ठाणे के सभी IVF और सोनोग्राफी सेंटर की जांच के लिए 6 स्पेशल टीमें लगाई हैं। इसके जरिए गैर-कानूनी IVF और सोनोग्राफी सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बदलापुर में महिला सीमेन की गैर-कानूनी बिक्री के मामले के बाद ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का हेल्थ डिपार्टमेंट भी अलर्ट हो गया है। बदलापुर में आरोपियों की जांच से यह जानकारी मिलने के बाद कि ठाणे में भी एक IVF सेंटर गैर-कानूनी तरीके से चल रहा है, चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. प्रसाद पाटिल और डॉ. वर्षा सासाने की टीम ने 19 फरवरी को ठाणे के गावदेवी में माल्टी IVF सेंटर पर कार्रवाई की। यह सेंटर नासिक के लिए परमिशन लेकर ठाणे में खोला गया था। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के हेल्थ डिपार्टमेंट ने बताया कि महिलाओं की हेल्थ और मेडिकल प्रोसीजर से जुड़े सेंसिटिव मामलों का गलत इस्तेमाल न हो, इस पर ध्यान दिया जाएगा।

### जांच किसलिए?

ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लिमिट में अभी 11 असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नीक (ART) सेंटर और 259 सोनोग्राफी सेंटर चल रहे हैं। यह पूरी तरह से वेरिफिकेशन किया जाएगा कि उनमें मेडिकल नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, मरीजों का ठीक से रजिस्ट्रेशन हो रहा है या नहीं, और इलाज के प्रोसेस में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। फीमेल स्पर्म डोनेशन प्रोसेस, मरीजों से लिए गए डॉक्यूमेंट्स और मेडिकल परमिट की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा, IVF सेंटर्स और मैटरनिटी हॉस्पिटल्स की जांच करने के ऑर्डर दिए गए हैं।

> ठाणे के एक सेंटर में पाया गया कि गरीब, जरूरतमंद महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनकी परमिशन लेकर गैर-कानूनी तरीके से फीमेल स्पर्म बढ़ाने के इंजेक्शन दिए जा रहे हैं। इसलिए, अब से फ्लाइंग स्क्वॉड ART और सोनोग्राफी सेंटर्स की जांच करेंगे। गलत काम करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।
>
> **-डॉ. प्रसाद पाटिल,** चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर, ठाणे मनपा

# 4 दिन से लापता ओला चालक की हत्या

- टिटवाला से आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण.** चार दिनों से लापता एक ओला चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मामले की जांच करते हुए ठाणे ग्रामीण क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन हत्या के पीछे की असली वजह अब भी साफ नहीं हो पाई है।

मृतक की पहचान नासिर अहमद के रूप में हुई है, जबकि गिरफ्तार आरोपी का नाम आदर्श चंद्रकांत भालेराव (निवासी टिटवाला) बताया गया है। पुलिस के मुताबिक नासिर अहमद नवी मुंबई के रबाले इलाके में रहता था और ओला टैक्सी चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। चार दिन पहले वह अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद परिजनों ने रबाले पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

इसी बीच अहमदनगर जिले के मालशेज घाट क्षेत्र में ओतूर पुलिस स्टेशन की सीमा में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। जांच में यह शव लापता चालक नासिर अहमद का निकला।

उधर, नासिर की ओला कार कल्याण–मुरबाड मार्ग पर गोवेली गांव के पास जंगल में खड़ी मिली।

# करोड़ों खर्च के बावजूद जलसंकट बरकरार

- उल्हासनगर मनपा आयुक्त, महापौर उतरे मैदान में
- तुरंत कदम उठाने के निर्देश



**उल्हासनगर.** शहर के लोगों को भरपूर और रेगुलर पानी सप्लाई पक्का करने के लिए केंद्र की अमृत योजना के तहत मनपा ने 423 और 116 करोड़ के पानी सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन प्लान को दो फेज में लागू किया है, फिर भी 'पानी' का संकट बना हुआ है। पानी की कमी से गुस्साए लोगों की शिकायतों के बाद, महापौर और आयुक्त आखिरकार पिछले दो दिनों में सड़कों पर उतरे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि पानी की कमी दूर की जाएगी।

पानी की कमी सामने आने से कमिश्नर और महापौर पर दबाव बढ़ गया है। कमिश्नर मनीषा अव्हाले और महापौर अश्विनी निकम ने दो दिनों में शहर के पानी की कमी से प्रभावित अलग-अलग इलाकों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को पेंडिंग कामों को तुरंत पूरा करने और पानी की सप्लाई को सुचारू करने का आदेश दिया। कैंप नं. 3 में बालकजी बाड़ी पानी की टंकी इलाके से बड़ी संख्या में शिकायतें मिलने के बाद आव्हाले ने BJP जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया के साथ पानी की टंकी का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट को सख्त निर्देश दिए कि जब तक पानी की टंकी भर न जाए, पानी न छोड़ा जाए और पानी बांटते समय शेड्यूल का सख्ती से पालन किया जाए।

### कॉर्पोरेटर्स का फॉलो-अप

कॉर्पोरेटर विकास खरात ने सुभाष टेकड़ी इलाके की खराब हकीकत बताते हुए मांग की कि शहर में पानी की सप्लाई हर दूसरे दिन बंद कर दी जाए और रोजाना पानी दिया जाए। इसी तरह, कॉर्पोरेटर सविता तोरणे-रगड़े ने वडोलगांव और सम्राट अशोकनगर में पानी की कमी पर बार-बार फॉलो-अप किया।

### दो दिन से पानी की एक बूंद भी नहीं

मेयर अश्विनी निकम ने वार्ड नंबर 12 में सम्राट अशोकनगर, वडोलगांव और आस-पास के इलाकों का इंस्पेक्शन किया। इस इलाके में पिछले कई दिनों से पानी की एक बूंद भी नहीं आने से लोगों में बहुत गुस्सा था। मेयर खुद गलियों में गए और महिलाओं से बातचीत की और उनकी परेशानियां जानीं। वडोलगांव इलाके में एक नए वॉटर चैनल का काम एक साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन वह अभी भी अधूरा है। इस बारे में लोकल नागरिक शिवाजी रागड़े ने मेयर से अपनी नाराजगी जाहिर की।

> यह गंभीर बात है कि लोगों को पानी जैसी बेसिक सुविधाओं के लिए बहुत दूर जाना पड़ रहा है। अधूरे पाइपलाइन के काम को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। मैंने अधिकारियों को पानी की सप्लाई रेगुलर करने के निर्देश दिए हैं। इसमें चूक करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अश्विनी निकम,** महापौर

# अंबरनाथ में विश्व महिला दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

- महिलाओं को किया गया सम्मानित




**अंबरनाथ.** विश्व महिला दिवस पर अनेक संघटनों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन करके कर्तृत्ववान महिलाओं, महिला पुलिस आदि को सम्मानित किया गया. भाऊसाहेब परांजपे विद्यालय में सहकर्म फाउंडेशन द्वारा अंबरनाथ, कल्याण, डोंबिवली, ठाणे की सामाजिक, वैद्यकीय, शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 26 महिलाओं को सम्मानित किया गया. अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन के गर्वनर अजयराव चिरिविला के मार्गदर्शन में जिला प्रमुख प्रदीप कुमावत द्वारा आयोजन महिला सम्मान कार्यक्रम का केक काटकर शुरूआत की गई. विविध खेल स्पर्धा का आयोजन कर महिलाओं को पारितोषिक एवं भेंट वस्तु, पुष्प देकर सम्मानित किया गया. संघटन की महिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थी. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में कार्यरत पुलिस महिला कर्मचारियों, अधिकारियों को भी पुष्प देकर सम्मानित किया गया. अंबरनाथ, बदलापुर के महिला वृत्त पत्र विक्रेताओं का टाइम्स आफ इंडिया समूह के निखिल द्वारा शाल, पुष्प व भेंट वस्तु देकर सम्मान किया गया. महालक्ष्मी नगर में राकांपा के नगरसेवक सचिन पाटिल ने महिलाों को भेंट वस्तु एवं पुष्प देकर सम्मानित किया. शहर में विश्व महिला दिवस पर महिलाओं को अनेक सामाजिक, राजकीय पक्ष के नेताओं ने अनेक कार्यक्रम का आयोजन करके उनको सम्मानित किया है.

# टिटवाला में फ्लैट खरीदार से धोखाधड़ी

- पैसे देने के बाद भी घर के रजिस्ट्रेशन में देरी
- 2 लोगों के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज



**कल्याण.** अंधेरी की रहने वाली एक महिला ने चार साल पहले टिटवाला में नवनिर्मित एक बिल्डिंग में 36 लाख रुपये का फ्लैट खरीदा था। इस फ्लैट को खरीदने के लिए महिला ने अपने बैंक अकाउंट से डेवलपर को नौ लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। चार साल बाद भी, फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है और न ही डेवलपर ने दिए गए पैसे वापस किए हैं, इसलिए घर खरीदने वाले ने इस मामले में डेवलपर और एक बिचौलिए के खिलाफ टिटवाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत करने वाली महिला का नाम नाहिद अंजुम वसीम शेख है। वह अपने परिवार के साथ अंधेरी मरोल इलाके में रहती है। शेख परिवार नया घर खरीदने की सोच रहा था। वसीम शेख के दोस्त प्रशांत शिरसाठ ने बताया कि अंबरनाथ के एक डेवलपर विवेक श्रीवास्तव की टिटवाला में कैंटुस्टो इनफिनिटी नाम की कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इस कंपनी ने बताया कि आंबिवली गालेगांव में लैपोमोड हाउसिंग प्रोजेक्ट नाम से एक नई बिल्डिंग पर काम चल रहा है। शिकायत करने वाली नाहिद शेख, पति वसीम शेख और वसीम के दोस्त पंकज शिरसाठ मार्च 2023 में इस बिल्डिंग के डेवलपर विवेक श्रीवास्तव से मिले। डेवलपर ने शेख को बिल्डिंग का ब्लूप्रिंट दिखाया। डेवलपर ने शेख से कहा कि यह काम दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा।

शेख परिवार ने दो मंज़िला फ़्लैट खरीदने का फ़ैसला किया। इस फ़्लैट की कीमत 36 लाख रुपये थी। फ़्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए शेख परिवार ने डेवलपर के अकाउंट में चेक से नौ लाख रुपये जमा किए। डेवलपर ने इस रकम में से पाँच लाख की रसीदें शेख को दीं। बाकी चार लाख की रसीदें पंकज के पास हैं। उन्हें देने के लिए लगातार दबाव डालने के बावजूद, वह गोलमोल जवाब दे रहा है।

फ़्लैट की रजिस्ट्री कराने के बाद डेवलपर श्रीवास्तव फ़्लैट की रजिस्ट्री कराने से बचने लगा। वह अलग-अलग वजहें बताकर शेख को फ़्लैट की रजिस्ट्री नहीं करा रहा था। शिकायत करने वाले ने बताया कि फ़्लैट की रजिस्ट्री न होने की वजह से वह बैंक से होम लोन नहीं ले पा रहा था। जब उसने रजिस्ट्री न कराने पर पैसे वापस करने को कहा, तो डेवलपर ने उसके साथ गाली-गलौज की। शिकायत करने वाले ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

# अंबरनाथ डीएमसी सड़क बना डम्पिंग मैदान

- नपा प्रशासन की अनदेखी से जनता परेशान





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के डीएमसी मुख्य सड़क पर शहर के लोगों एवं दुकानदारों ने कचरा डालकर यहां पर डम्पिंग ग्राउंड बना दिया है. अंबरनाथ नपा स्वच्छता विभाग को इसके बारे में कई बार शिकायत करने पर भी यहां से कचरा नहीं उठाया जा रहा है. जिसके कारण गंदगी और कचरे का ढेर दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रही है. केबी मुख्य सड़क से डीएमसी रास्ते से लोग पैदल चलकर अंबरनाथ स्टेशन की तरफ जाते हैं. यहां पर कुछ मछली वाले, चिकन सेंटर वाले ज्यादा संख्या में कचरा डालने से यहां पर बदबू फैली रहती है. गाय और आवारा कुत्ते यहां पर बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं. लोगों को मुंह पर कपड़ा बांधकर यहां से जाना पड़ता है. स्टेशन से शहर के कई परिसर में जाने वाली कई आटो रिक्शा भी यहां से मुसाफिरों को उनके स्थान तक ले जाते हैं. गत कई महिनों से स्वच्छता विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है. ऐसे लगता है जैसे ये रास्ता अंबरनाथ नगर परिषद की हद में है ही नहीं. यहां पर लगभग पांच मिनट के रास्ते पर सीमेंट की आधी सड़क पर कचरे का ढेर जमा है. इस सड़क पर रात के समय एक सुरक्षा रक्षा को नपा प्रशासन तैनात करे क्योंकि रात के समय ही टेम्पो, ट्रक में कचरा लाकर यहां पर फेंका जाता है. डीएमसी सड़क की सभी पोल लाइट भी गत कई महिनों से बंद है. अंधेरा होने से यहां पर कई बार लोगों को लूटा भी गया है. मुख्याधिकारी एवं नगराध्यक्षा द्वारा इस सड़क पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है.

# 'हिंद दी चादर' प्रोग्राम में सेवा का सागर उमड़ा

**उल्हासनगर.** गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के मौके पर आयोजित 'हिंद दी चादर' प्रोग्राम में धनगुरुनानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिब जी गुरुद्वारे की लंगर सेवा ने न सिर्फ वहां मौजूद लोगों का, बल्कि पूरे देश का ध्यान खींचा। दो दिनों में लाखों भक्तों को खाना खिलाकर यहां लंगर सेवा का नया रिकॉर्ड बनाया गया।

28 फरवरी और 1 मार्च को नवी मुंबई के खारघर के ओवे मैदान में हुए इस समागम में लाखों भक्तों ने हिस्सा लिया। यह प्रोग्राम गुरु तेग बहादुर के दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता, मानवता, न्याय और बलिदान के संदेश को फैलाने के मकसद से आयोजित किया गया था। इस मौके पर कीर्तन, आध्यात्मिक प्रवचन, ऐतिहासिक प्रदर्शनियां और डिजिटल मीडिया के जरिए जानकारी फैलाने जैसी कई गतिविधियां की गईं। इसी पृष्ठभूमि में, उल्हासनगर के धनगुरुनानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिब जी गुरुद्वारे ने लंगर सेवा में अभूतपूर्व काम किया। सिर्फ़ दो दिनों में 1 लाख से ज़्यादा पिज़्ज़ा लंगर और 2 लाख से ज़्यादा डोसा लंगर प्रसाद बांटा गया। 5 लाख से ज़्यादा भक्तों ने इस लंगर प्रसाद का फ़ायदा उठाया। इस सेवा को सफल बनाने के लिए सैकड़ों सर्विस प्रोवाइडर ने दिन-रात काम किया।

# ज़मीन के झगड़े को लेकर दो समुदाय आमने-सामने





**अंबरनाथ.** ज़मीन के झगड़े में चिखलोली ठाकुरपाड़ा इलाके में दो समुदायों के बीच ज़बरदस्त तनाव पैदा हो गया है। आरोप है कि आदिवासी भाइयों के घर, पेड़, मुर्गी के बाड़े और जानवरों के बाड़े JCB की मदद से गिरा दिए गए। इस घटना के बाद गुस्साए आदिवासी शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन पहुंचे। इस मामले में सात से आठ लोगों के खिलाफ़ केस दर्ज किया गया है।

अंबरनाथ ईस्ट के आनंदनगर MIDC इलाके के चिखलोली ठाकुरपाड़ा में करीब 100 आदिवासी नागरिकों की बस्ती है। इस बस्ती से सटी करीब 11 एकड़ और 40 गुंठा गुरुचरण की ज़मीन है। आदिवासी भाइयों ने उस जगह झोपड़ियां, मुर्गी के बाड़े और कई तरह के पेड़ लगाए थे। दावा किया जा रहा है कि सातबारा के मुताबिक यह ज़मीन पवार परिवार की है। हालांकि, आदिवासी भाइयों का कहना है कि बिना किसी पहले से सूचना, नोटिस या डेडलाइन दिए अचानक JCB से गिराने की कार्रवाई की गई। बुधवार सुबह पुराने और फलों के पेड़ भी काट दिए गए। शिकायत में कहा गया है कि वहां मौजूद महिलाओं के साथ गाली-गलौज की गई और पुरुषों को जान से मारने की धमकी दी गई।

बताया गया है कि इस अफरा-तफरी में दो बुज़ुर्ग महिलाएं, अनुस्या हिरवे और शांताबाई उघडे घायल हो गईं। यह भी दावा किया गया है कि मुर्गियों के दड़बे और जानवरों के अड्डे भी पेड़ों के नीचे दब गए। डरे हुए और गुस्से में आदिवासी शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन पहुंचे और सोमनाथ पवार, लक्ष्मण पवार, राजेश पवार, जयेश पवार, निखिल पवार, रामदास पवार, संदीप पवार, बंटी पवार और संदेश पवार के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस बीच, पीड़ित महिलाएं नई चुनी गई पार्षद पायल सोरखड़े से मिलीं और अपनी शिकायतें बताईं।

> "हम गरीब आदिवासी हैं और हमारे साथ बार–बार अन्याय हो रहा है। सरकार कहती है 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ'; लेकिन हमारे लगाए पेड़ काटे जा रहे हैं। मेरे पिता, जो हमें पेड़ न काटने के लिए कहने गए थे, उन्हें पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। यह कार्रवाई हमारी संस्कृति पर एक झटका है। सरकार को हमें फिर से बसाना चाहिए।
>
> **–सुनीता वारखड़ा,** चश्मदीद
>
> "हम यहां कई पीढ़ियों से रह रहे हैं और घर का किराया भी दे रहे हैं। अचानक पेड़ काटने के लिए JCB लगा दी गई। बड़े पेड़ गिरने से हम बाल–बाल बच गए; नहीं तो हम पेड़ के नीचे दब जाते।
>
> **– अनुस्या हिरवे,** घायल महिला

### आरोपों से इनकार....

सोमनाथ पवार और उनके परिवार ने इस मामले में सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने होली से पहले पेड़, झोपड़ियां और कब्ज़े हटाने के लिए बोलकर निर्देश दिए थे। सोमनाथ पवार ने यह भी दावा किया है कि पेड़ काटने की कार्रवाई सिर्फ़ उनके 7/12 ढलान पर कब्ज़े हटाने के लिए की गई थी ताकि लीगल सर्वे किया जा सके।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## न्याय की धीमी रफ्तार पर चिंता

अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है। किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है।

ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।

# विचार: वैश्विक संकट बढ़ाने वाला युद्ध

जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का तर्क है कि वे वहां सत्ता बदलने के साथ ईरान की परमाणु हथियार निर्माण क्षमता खत्म करना चाहते हैं। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के साथ ही करीब 40 वर्षों से सत्ता पर काबिज एक कठोर मजहबी शासन के संचालक का अंत हो गया, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस देश में सत्ता परिवर्तन भी होने जा रहा है। फिलहाल इसके कोई संकेत नहीं।

अमेरिका और इजरायल ईरान पर हमले के लिए चाहे जो तर्क दें, उसे वैध नहीं कहा जा सकता। यह वैसा ही मनमाना हमला है, जैसा वेनेजुएला में किया गया था। अमेरिका पिछले काफी समय से ईरान की घेरेबंदी के साथ ही उससे वार्ता भी कर रहा था। इस वार्ता के बीच ही उसने ईरान पर हमला कर दिया।

ईरान अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों का जवाब देने में लगा हुआ है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ ही पड़ोसी देशों सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात आदि में अमेरिकी सैनिक ठिकानों के साथ इन देशों के नागरिक क्षेत्रों को भी निशाना बना रहा है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में मिसाइलें और ड्रोन दागने के साथ ही होर्मुज समुद्री जल मार्ग बंद कर दिया है। उसने इस जल मार्ग से निकलने की कोशिश कर रहे कुछ तेल टैंकरों पर भी हमला किया।



होर्मुज जल मार्ग बंद होने से पश्चिम एशिया से आने वाले तेल एवं गैस की आपूर्ति रुक गई है। इस जल मार्ग से दुनिया के कुल उपभोग के लगभग एक चौथाई हिस्से की तेल एवं गैस की आपूर्ति होती है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से भारत समेत दुनिया के कई देशों को तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका गहरा गई है। यदि पश्चिम एशियाई देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती है तो विश्व में ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है।

ईरान पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों पर हमला कर और फिर होर्मुज जल मार्ग को बंद करके खुद को विश्व से अलग-थलग करने का ही काम कर रहा है। यदि उसने अपना रवैया नहीं बदला तो उसके प्रति जो थोड़ी-बहुत सहानुभूति है, वह खत्म होने में देर नहीं लगेगी, क्योंकि तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और इससे दुनिया की बेचैनी बढ़ती जा रही है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध ने भारत के सामने कूटनीतिक संतुलन साधने की चुनौती भी खड़ी कर दी है, क्योंकि उसके संबंध दोनों पक्षों से है। हालांकि भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त किया है और लगातार ऐसे बयान दे रहा है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि खामेनेई के नेतृत्व वाला ईरान का मजहबी शासन तंत्र निरंकुश था। वह अपने ही लोगों का दमन करने के लिए कुख्यात था। कुछ ही दिनों पहले उसकी पुलिस ने उन हजारों प्रदर्शनकारियों को मारा, जो उसकी नीतियों से नाराज होकर सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे थे।

खामेनेई के पूर्ववर्ती खुमैनी इस्लामिक क्रांति के नाम पर राजशाही को हटाकर ईरान की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने अपने लोगों को कट्टर इस्लामिक तौर-तरीके अपनाने के लिए बाध्य किया। उनके निधन के बाद उनकी जगह कमान संभालने वाले खामेनेई भी उन्हीं के रास्ते पर चले। उनके सत्ता में रहते ईरान ने हमास, हिजबुल्ला, हाउती जैसे चरमपंथी गुटों को सहयोग और समर्थन दिया। ये सभी गुट इजरायल के लिए खतरा बने हुए हैं।

ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका ने कई बार वहां के असंतुष्टों को विद्रोह के लिए उकसाया, पर वह सफल नहीं हो सका और दूसरी ओर ईरान ने इन असंतुष्टों का निर्ममता से दमन किया। हालिया विद्रोह को भी उसने निर्ममता से कुचला। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि खामेनेई की मौत के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन बनेगा। इसमें संदेह है कि अमेरिका वहां सत्ता परिवर्तन करा सकेगा। यदि वह इसमें सफल नहीं हुआ तो ट्रंप के इरादों पर पानी ही फिरेगा। संदेह इस पर भी है कि इजरायल और अमेरिका ईरान की परमाणु हथियार निर्माण क्षमता खत्म कर सकेंगे। पिछले वर्ष जून में जब इन दोनों देशों ने ईरान पर हमला किया था, तब यह दावा किया था कि उसके परमाणु हथियार संबंधी तंत्र को ध्वस्त कर दिया गया।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

# क्या शांति की उम्मीद भी धुंधली पड़ रही है!

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद अब स्थिति और जटिल होती देखी जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी के समांतर शांति की उम्मीद भी धुंधला रही है। मगर इस हालत में भी दुनिया के ज्यादातर देश यही चाहते हैं कि यह युद्ध रुके और विवाद का हल संवाद के सहारे ही निकाला जाए।

विडंबना यह है कि ईरान में परमाणु हथियारों का सवाल अमेरिका के लिए बड़ा है, लेकिन वह इस मसले पर बातचीत के जरिए हल निकालने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। उल्टे इजराइल के साथ मिल कर उसने जिस स्तर का युद्ध छेड़ दिया है, वह परमाणु निरस्त्रीकरण में कैसे मददगार होगा, कहना कठिन है।

खासतौर पर इस संदर्भ में ईरान ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उसने भी इजराइल तथा अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, उससे साफ लग रहा है कि शांति स्थापित करने को लेकर दोनों पक्षों के भीतर कोई खास रुचि नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता जाहिर की जा रही है कि कहीं युद्ध का दायरा फैल न जाए!

ऐसे में भारत ने जिस तरह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता



अपनाने का आग्रह किया है, वह वक्त का तकाजा है। हालांकि भारत पारंपरिक रूप से शांति का पक्षधर रहा है और समस्या चाहे कितनी जटिल हो, उसका समाधान संवाद और कूटनीतिक पहल के जरिए ही निकालने का हामी है।

इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है; सैन्य टकराव किसी विवाद का समाधान नहीं है। भारत ने इस युद्ध से प्रभावित कई देशों से संपर्क कर शांति की वकालत की और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने भी इस युद्ध की निंदा की और दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की थी। अफसोस की बात है कि सभी तकाजों की अनदेखी कर युद्ध में शामिल देश व्यापक जनसंहार के हथियारों से हमला करते हुए इतना ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझते कि उन्होंने किसी स्कूल पर भी बम गिराया, जहां पढ़ने वाले कई मासूमों की जान चली गई।

सवाल है कि वह कौन-सी समस्या है, जिसका हल विनाश के हथियारों के जरिए निकलने की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? ज्यादातर युद्धों के मामले में यही सच है। फिर उनसे सबक लेकर तमाम असहमतियों या मतभेदों के बावजूद संवाद का सहारा लेकर विवाद का हल क्यों नहीं खोजा जाता?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। मगर इस संबंध में जिनेवा में हुई बातचीत को आगे बढ़ाने और हल निकालने के बजाय युद्ध को ही आखिरी उपाय क्यों मान लिया गया? खासतौर पर तब, जब ईरान का रुख नरम पड़ रहा था और ऐसे संकेत भी सामने आए थे कि कोई समझौता होने की संभावना है।

जाहिर है, विवाद का हल निकालने की स्थितियां संवाद के जरिए ही बन रही थी। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि खुद में एक जटिल समस्या है। इसलिए हर हाल में विवाद का हल संवाद और कूटनीति के जरिए ही तलाशने की कोशिश की जानी चाहिए।

# इंडोनेशियाई पापुआ में मिला 6000 साल पहले विलुप्त जीव!

कल्पना कीजिए एक ऐसे जीव की जो किसी गिलहरी की तरह पेड़ों पर दौड़ता है लेकिन उसके पेट पर कंगारू जैसी एक जादुई थैली बनी हुई है.

**जरा हट के**



वह एक चूहे जैसा छोटा है लेकिन हवा में सैकड़ों फीट लंबी छलांग लगाकर तैर सकता है. भारत के समुद्री पड़ोसी देश इंडोनेशियाई पापुआ के वर्षावनों में एक ऐसा 'जिंदा भूत' मिला है जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है. जिसे हम सिर्फ पत्थरों और जीवाश्मों में ढूंढ रहे थे, वह अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से हमें हकीकत में देख रहा है. यह कहानी है 'टूस' की. एक ऐसा जीव जिसे 6,000 साल विलुप्त मान लिया गया था. वैज्ञानिकों ने इसे लाजरस प्रजाति घोषित किया है. यह शब्द उन जीवों के लिए इस्तेमाल होता है जो इतिहास के पन्नों से गायब हो जाते हैं और सदियों बाद अचानक जीवित मिल जाते हैं. यह जीव एक ग्लाइडिंग पॉसम है जो अपनी शारीरिक बनावट और व्यवहार में बेहद अनोखा है.

### टूस की खासियत

**कंगारू जैसी जादुई थैली:** यह एक 'मार्सुपियल' जीव है जिसका अर्थ है कि यह अपने नन्हे बच्चों को जन्म देने के बाद पेट पर बनी एक विशेष थैली में सुरक्षित रखता है.

**हवा में लंबी छलांग (ग्लाइडिंग):** इसके पास कुदरती पैराशूट जैसी एक झिल्ली होती है. यह ऊंचे पेड़ों से छलांग लगाकर हवा में तैरते हुए काफी दूर तक जा सकता है.

**पकड़ने वाली मजबूत पूंछ:** इसकी पूंछ का निचला हिस्सा बिना बालों का होता है जो इसे पेड़ की टहनियों को किसी हाथ की तरह मजबूती से पकड़ने की ताकत देता है.

**निशाचर रक्षक:** इसकी बड़ी और चमकदार आंखें इसे रात के घने अंधेरे में भी रास्ता दिखाने और शिकार ढूंढने में मदद करती हैं.

**दुर्लभ प्रजनन:** यह प्रजाति बहुत संवेदनशील है क्योंकि यह साल भर में केवल एक ही बच्चे को जन्म देती है जिससे इसकी आबादी बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है.

# लहसुनी पालक पनीर




### सामग्री

- पालक: 1 बड़ा बंडल
- पनीर: 200 ग्राम
- लहसुन: 15-20 कलियां
- प्याज: 1 बड़ा
- टमाटर: 2
- हरी मिर्च: 2
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 चम्मच
- **सूखे मसाले:** हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला (आधा-आधा चम्मच)
- **साबुत मसाले:** 1 चम्मच जीरा और 2 सूखी लाल मिर्च
- **अन्य:** ताजी क्रीम या मलाई (2 बड़े चम्मच), देसी घी, तेल और नमक स्वादानुसार

### बनाने की विधि

एक बर्तन में पानी उबालें। उसमें आधा चम्मच चीनी और धुला हुआ पालक डाल दें। सिर्फ 2 मिनट बाद पालक को निकालकर तुरंत बर्फ वाले ठंडे पानी में डाल दें। ठंडा होने पर इसे मिक्सी में बारीक पीस लें।

एक कड़ाही में 2 चम्मच तेल और 1 चम्मच देसी घी गरम करें। इसमें जीरा चटकाएं, फिर बारीक कटा प्याज और हरी मिर्च डालकर



सुनहरा होने तक भूनें। अब अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और 1 मिनट तक और भूनें।

अब इसमें टमाटर का पेस्ट और सारे सूखे मसाले (हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और नमक) डाल दें। मसाले को तब तक भूनें जब तक वह किनारों से तेल न छोड़ने लगे। कड़ाही में पिसा हुआ हरा पालक डालें और मसाले के साथ अच्छी तरह मिक्स करें। इसे 5 से 7 मिनट तक धीमी आंच पर ढककर पकने दें। अब इसमें पनीर के टुकड़े, गरम मसाला और घर की ताजी मलाई डालकर हल्के हाथों से मिलाएं ताकि पनीर टूटे नहीं। 2 मिनट और पकाकर गैस बंद कर दें।

एक छोटे पैन (तड़का पैन) में 2 बड़े चम्मच देसी घी गरम करें। इसमें ढेर सारा बारीक कटा लहसुन और 2 सूखी लाल मिर्च डालें। जैसे ही लहसुन का रंग सुनहरा और क्रिस्पी हो जाए, इस तड़के को सीधे पालक पनीर के ऊपर डाल दें।

# बिजी महिलाओं के लिए 5 मिनट वाली आदतें हैं असली 'गेम चेंजर'

घर की जिम्मेदारियां, ऑफिस की डेडलाइन्स, बच्चों की स्कूल बस... एक महिला का पूरा दिन इन सबके बीच कैसे उड़ जाता है, पता ही नहीं चलता। जब बात खुद की फिटनेस या सेल्फ-केयर की आती है, तो अक्सर एक ही जवाब मिलता है- ₹मेरे पास तो टाइम ही नहीं है!₹ लेकिन क्या हो अगर आपको फिट, रिलैक्स और खूबसूरत दिखने के लिए घंटों जिम में पसीना न बहाना पड़े? अगर आप भी अपनी बिजी लाइफ से परेशान हैं, तो आपको सिर्फ अपने दिन के कुछ '5 मिनट' चुराने हैं। आइए जानते हैं उन 5 छोटी-छोटी आदतों के बारे में, जो आपकी भागदौड़ भरी जिंदगी के लिए किसी जादू से कम नहीं हैं।

### सुबह उठते ही 5 मिनट की स्ट्रेचिंग

अलार्म बजते ही फोन चेक करने या झटके से बिस्तर से उठने की आदत छोड़ दें। आंख खुलने के बाद 5 मिनट अपने शरीर को दें। बिस्तर पर बैठे-बैठे ही अपने हाथों, गर्दन और कमर को हल्का सा स्ट्रेच करें। यह छोटी-सी आदत आपकी मांसपेशियों को जगाती है, शरीर में खून का बहाव तेज करती है और आपको पूरे दिन के लिए एक गजब की एनर्जी देती है।

### हाइड्रेशन को दें 5 मिनट

किचन में जाकर सबसे पहले चाय का बर्तन चढ़ाने से पहले, 5 मिनट निकालकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा नींबू या सौंफ मिला



सकती हैं। रात भर के आराम के बाद शरीर को पानी की सख्त जरूरत होती है। यह 5 मिनट का काम आपके शरीर से सारी गंदगी बाहर निकाल देगा और बिना किसी डाइट के आपका पाचन एकदम दुरुस्त रखेगा।

### काम के बीच में 5 मिनट का 'मी-टाइम'

जब भी आपको लगे कि काम बहुत ज्यादा हो गया है या तनाव बढ़ रहा है, तो सब कुछ छोड़कर 5 मिनट का ब्रेक लें। अपनी आंखें बंद करें और 10 लंबी, गहरी सांसें लें। इसे आप ऑफिस की कुर्सी पर या किचन में भी कर सकती हैं। यह 5 मिनट का पॉज आपके दिमाग के लिए एक 'रीसेट बटन' की तरह काम करता है, जो तुरंत आपके गुस्से और थकान को दूर कर देता है।

### रात को 5 मिनट का स्किनकेयर रूटीन

पूरे दिन धूल, पसीने और काम की थकान के बाद आपकी त्वचा को भी प्यार की जरूरत होती है। सोने से ठीक पहले सिर्फ 5 मिनट निकालें- चेहरे को अच्छे से धोएं, टोनर लगाएं और एक अच्छा मॉइस्चराइजर या सीरम लगाएं। यह सिर्फ एक ब्यूटी रूटीन नहीं है, बल्कि खुद को यह एहसास दिलाने का तरीका है कि ₹मेरी अहमियत भी सबसे ज्यादा है।

### कल के लिए 5 मिनट की प्लानिंग

क्या सुबह उठकर सबसे बड़ी टेंशन यही होती है कि ₹आज खाने में क्या बनाऊं?₹ या ₹कौन-सी ड्रेस पहनूं?₹। इस टेंशन को दूर करने के लिए रात को सोने से पहले 5 मिनट अपनी एक छोटी-सी लिस्ट बनाने में दें। अगले दिन के जरूरी काम, बच्चों का टिफिन या अपने कपड़े रात को ही तय कर लें। यकीन मानिए, इससे आपकी सुबह की 50% भागदौड़ और मानसिक तनाव खत्म हो जाएगा।

ये 5 मिनट सुनने में बहुत छोटे लगते हैं, लेकिन जब आप इन्हें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लेती हैं, तो इनका असर किसी चमत्कार से कम नहीं होता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृषभ** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन** : व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं।

**कर्क** : कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा।

**सिंह** : तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या** : यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** : कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।

**मकर** : परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है।

**कुंभ** : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**मीन** : किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सूखी फटी एड़ी का इलाज

फड़ी एड़ियों को सॉफ्ट बनाने के लिए होममेड पेस्ट तैयार करें. इसके लिए दो चम्मच नारियल का तेल, दो चम्मच ग्लिसरीन, चार चम्मच सरसों का तेल अब इसमें दो कैप्सूल विटामिन ई के और दो चार चम्मच ग्रेड की हुई मोमबत्ती लें. अब इन सभी चीजों को एक कटोरी या कोई भी पुराना सा बर्तन में एक-एक करके सारी चीजें डालते जाएं और सारी चीजों को तब तक पकाएं स्लो गैस पर जब तक कि मोम पिघल ना जाए अब आपको गैस से हटाना है उसके बाद बचे विटामिन ई कैप्सूल को इसके अंदर मिला देना है.

### यूज करने का तरीका



जब हम इस रेमेडी को यूज करेंगे तब हमें ऐसा चाहिए कि बहुत ज्यादा गर्म भी न हो और ज्यादा ठंडा भी न हो. लेकिन इसे यूज करने से पहले ये जरूर देख लें कि पैर हल्के हल्के खराब हैं या बहुत ज्यादा. यदि स्थिति ज्यादा खराब नहीं है तब तो इस रेमेडी को बस लगाना शुरू कर दीजिए रात को सोने से पहले. लेकिन अगर आपके पैर बहुत ज्यादा खराब है तो पैरों को पहले साफ करना बहुत जरूरी है.

### पैरों से डेड स्किन निकालने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले पानी गुनगुना करके एक टब में डाल दीजिए. पानी बहुत बहुत ज्यादा गर्म नहीं होना चाहिए. इसके बाद इन पैरों को आप उस पानी के अंदर डाल दीजिए और इसमें एक पाउच शैंपू और कंडीशनर मिला दें. अब इसमें अच्छी तरह से अपने पैर को कुछ देर भिगोकर रखें.फिर उसके बाद आधा नींबू भी निचोड़ कर डाल दीजिए नींबू के छिलके को भी अंदर रख दीजिए 10 मिनट बाद आप इसी नींबू के छिलके से एड़ियों को रगड़ें. अब हमें ठंडे पानी से नॉर्मल पानी से पैरों को धोकर एक टॉवेल से सुखाना है

### अब लगाएं पैरों पर पेस्ट

पैरों को सुखाने के बाद इसके नीचे एक काला कपड़ा रखें नीचे कोई काला कपड़ा रखें. अब जो हमने रेमेडी बनाई थी उसे हल्का गुनगना कर लें और एक लेप की तरह लगा लीजिए. इससे पर एक पन्नी लपेट लें क्योंकि ये हट जाएगी. पैरों को आप क्लिंग रैप से पैक कर लीजिए. रात को सोते टाइम आपको एक सॉक्स डाल के रखना है ये बिल्कुल फिक्स हो जाएगी जैसे मोम पैक हो जाता है.इसे सुबह उठने से पहले पूरा हटा दीजिए फिर ही आप चलिए चप्पल पहनें. बेहतर रिजल्ट के लिए रोजाना या हर दूसरे दिन इस उपाय को करें.

# ये है दुनिया का अनोखा फल



असली नीला रंग पौधों में बहुत दुर्लभ माना जाता है. लेकिन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ वर्षावनों में एक पेड़ इस नियम को तोड़ता हुआ दिखाई देता है. इसका नाम एलायोकार्पस एंगुस्टिफोलियस है, जिसे ब्लू क्वांडोंग, ब्लू फिग या ब्लू मार्बल ट्री भी कहा जाता है. यह पेड़ उत्तरी ऑस्ट्रेलिया, पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया के कुछ हिस्सों में पाया जाता है.जब इस पर फल लगते हैं, तो उनका रंग तुरंत ध्यान खींच लेता है. फल छोटे और गोल होते हैं, आमतौर पर 1–2 सेंटीमीटर के. उनकी सतह चिकनी और सख्त होती है और रंग गहरा कोबाल्ट नीला दिखाई देता है.

### क्या इसमें नीला पिगमेंट होता है?

शुरुआत में वैज्ञानिकों ने सोचा कि इस फल में कोई खास नीला पिगमेंट (रंग देने वाला रसायन) होगा. आमतौर पर पौधों के रंग इसी तरह बनते हैं, कुछ प्रकाश तरंगों को सोखकर और कुछ को परावर्तित करके. लेकिन जब वैज्ञानिकों ने फल को कुचलकर उसका रंग निकालने की कोशिश की, तो एक अजीब बात हुई. फल टूटते ही उसका चमकीला नीला रंग गायब हो गया. इससे पता चला कि यह रंग किसी पिगमेंट से नहीं बन रहा.

### असली रहस्य

बाद में माइक्रोस्कोप से जांच करने पर पता चला कि फल की बाहरी त्वचा में बहुत छोटी-छोटी परतें बनी होती हैं. ये परतें सेलूलोज नामक पदार्थ से बनी होती हैं, जो पौधों की कोशिकाओं की दीवारों में पाया जाता है. इन परतों की खास व्यवस्था सफेद रोशनी को इस तरह परावर्तित करती है कि हमें मुख्य रूप से नीली रोशनी दिखाई देती है. इसे स्ट्रक्चरल कलर कहा जाता है. ऐसी ही रंग बनाने की तकनीक तितलियों के पंखों, मोर के पंखों में देखने के लिए मिलती है.

### इतना दुर्लभ क्यों है यह रंग?

दुनिया में बहुत कम फलों में स्ट्रक्चरल कलर पाया जाता है. ब्लू क्वांडोंग इसका सबसे शानदार उदाहरण माना जाता है. इसका नीला रंग केवल उसकी सूक्ष्म परतों की संरचना से बनता है. वैज्ञानिक मानते हैं कि यह चमकीला नीला रंग पक्षियों को आकर्षित करने के लिए हो सकता है. पक्षियों की रंग देखने की क्षमता बहुत अच्छी होती है. हरे जंगल में चमकता हुआ नीला फल उन्हें आसानी से दिख जाता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### अचानक कब्र खुदवाकर निकलवाया शव, पिता की गुहार पर पुलिस ने लिया ऐक्शन

**बाराबंकी.** बाराबंकी के सूरतगंज में होली के दिन दफन किए गए युवक के शव को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में रविवार को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक के पिता ने बेटे की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई थी और जिलाधिकारी से पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मांगी थी। प्रशासन के आदेश पर पुलिस और राजस्व टीम की मौजूदगी में शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिससे मौत की असली वजह सामने आ सके। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ऐनुद्दीनपुर (अंदीपुर) गांव निवासी होमगार्ड महेंद्र वर्मा ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उनका इकलौता बेटा प्रियांशु वर्मा प्रयागराज में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। होली के चलते वह तीन मार्च की देर शाम घर वापस आ रहा था। इसी दौरान फतेहपुर थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव के पास उसके सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिली थी।

### जीएसटी छापेमारी के तनाव में तंबाकू कारोबारी ने दी जान, 30 लाख का लग गया था जुर्माना

**वाराणसी.** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां के लहंगपुरा इलाके में शनिवार सुबह 53 वर्षीय तंबाकू व्यवसायी राजेश चौरसिया ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि उनके व्यापारिक प्रतिष्ठान पर हुई जीएसटी (GST) की छापेमारी और उसके बाद थोपे गए भारी-भरकम जुर्माने के कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। राजेश चौरसिया अपने पांच भाइयों के साथ एक ही पुश्तैनी मकान में रहते थे। शनिवार सुबह तक घर का माहौल बिल्कुल सामान्य था। सुबह करीब 7:30 बजे उनकी अपने भतीजे दीपक से सामान्य बातचीत भी हुई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। लगभग दो घंटे बाद, सुबह 9:30 बजे उनके बड़े भाई राकेश चौरसिया किसी काम के लिए झाड़ू लेने राजेश के कमरे में पहुँचे। दरवाजा खोलते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई; राजेश का शव छत की कुंडी से फंदे के सहारे लटक रहा था।

### पूर्व पार्टनर ने करवाई थी डॉक्टर की हत्या,

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर जिले में दो दिन पहले हुए डॉ. राजकुमार हत्याकांड का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक पूर्व पार्टनर ने पेशे की रंजिश के चलते इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। इसके लिए 10 लाख की सुपारी तय हुई थी और दो लाख रुपये एडवांस भी दिए गए थे। मामले में पुलिस ने पूर्व पार्टनर डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी अभिषेक झा ने बताया कि पांच मार्च को शाम करीब सात बजे शिवालय हेल्थ केयर सेंटर, नगीना में बैठे डॉ. राजकुमार को गोली मार दी गई थी। हमलावर विकास उर्फ छोटू फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट दिखाने के बहाने डॉक्टर के चैंबर में पहुंचा और तमंचे से गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर डॉक्टर की मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस मामले में मृतक डा राजकुमार की बहन निशा ने धामपुर के ग्राम तिबडी निवासी विकास उर्फ छोटू के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# पीएम बोले-राष्ट्रपति के अपमान पर ममता को जनता सबक सिखाएगी

- **अहंकार से भरा व्यक्ति बर्बाद हो जाता है**
- **दिल्ली में 33500 करोड़ के प्रोजेक्टस का उद्घाटन-शिलान्यास**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए TMC को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

PM नई दिल्ली में एक जनसभा में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारी परंपरा में कहा गया है जिसका मतलब है कि अहंकार से भरा व्यक्ति, चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है।

दरअसल, शनिवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर राष्ट्रपति ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था- बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया।

इससे पहले दिल्ली में पीएम 33500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। इसके साथ दो नए मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन और 3 कॉरिडोर का शिलान्यास किया।

### 2 मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन, 3 का शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और तीन और मेट्रो लाइनों की नींव रखी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कई ज़रूरी जगहों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

उन्होंने केंद्र सरकार के जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 15,200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और नींव भी रखी। सभी प्रोजेक्ट्स की कुल लागत लगभग 33,500 करोड़ रुपये है।

प्रधानमंत्री ने जिन दो नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन किया, वे लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर थे।

# बंगाल में कॉन्फ्रेंस की जगह बदलने पर राष्ट्रपति नाराज



- **बोलीं-राज्य सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहती**

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बंगाल में कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर शनिवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। राष्ट्रपति ने कहा... नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उन्हें रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

उन्होंने कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर कहा कि अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि ये शर्मानाक है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

दरअसल 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पहुंचीं थीं। इसी दौरान उन्होंने छोटे कार्यक्रम स्थल को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फांसिदेवा में तय किया गया मैदान काफी छोटा था, जिसके कारण कई लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विवाद पर X पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि जो लोग डेमोक्रेसी को मजबूत बनाने में यकीन रखते हैं और आदिवासी समुदाय, सभी बहुत दुखी हैं।

# नीतीश के बेटे निशांत ने JDU जॉइन की

- **बोले- पापा पर भरोसा रखिए, उनके काम को आगे ले जाऊंगा**

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार 8 मार्च यानी रविवार को JDU की सदस्यता ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। ललन सिंह ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद निशांत ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छुए।

निशांत ने कहा, 'मैं पार्टी के लिए मेहनत से काम करूंगा। मेरे पिताजी ने 20 साल में जो काम किए हैं, मैं उन्हें आगे बढ़ाऊंगा। राज्यसभा जाने का फैसला मेरे पिताजी का है। बिहार की जनता और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें।'

इससे पहले निशांत में अपने पिता नीतीश की स्टाइल में हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। वे सफेद कुर्ते और क्रॉक्स चप्पल में पहुंचे। इस दौरान नीतीश कुमार और निशांत कुमार जिंदाबाद के नारे लगते रहे। बिहार की CM कैसा हो निशांत कुमार जैसा हो के भी नारे लगे।

# इजराइल ने ईरानी तेल ठिकानों पर मिसाइलें गिराईं

- **3 डिपो और 30 फ्यूल टैंक तबाह**
- **ईरान ने 5 देशों पर हमले किए, कहा- 6 महीने जंग लड़ेंगे**

**तेल अबीब.** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का नौवां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान में तेल भंडार और रिफाइनरी फैसिलिटी से जुड़े ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली मीडिया वाइनेट के मुताबिक, ईरान के 30 फ्यूल टैंकों और 3 तेल डिपो को निशाना बनाया गया है।





**जंग के 5 बड़े अपडेट्स...**

- ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है।
- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- US-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1483 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।

वहीं, ईरान ने पलटवार करते हुए 5 देशों पर हमले किए। इनमें इजराइल के अलावा कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा है कि वे अमेरिका और इजराइल के खिलाफ छह महीने तक जंग लड़ने में सक्षम है। IRGC के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड दोनों ही लंबे समय तक संघर्ष करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सैन्य अड्डों और फैसिलिटी से जुड़े 200 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

# 7 दिन में खाड़ी देशों से लौटे 52000 भारतीय !

- **32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आईं**
- **अकेले इजराइल में रहते हैं 41 हजार इंडियन**



**नई दिल्ली.** विदेश मंत्रालय (MEA) ने शनिवार को पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं।

मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है।

MEA ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24×7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

MEA ने कहा कि जहां अभी कमर्शियल फ्लाइट्स उपलब्ध नहीं हैं, वहां भारतीय नागरिकों को निकटतम भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

## कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-

# अपने काम से काम रखो

- **ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, अब हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते**



कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है।

कमल हासन ने आधिकारिक X अकाउंट (पहले ट्विटर) से लिखा है, 'सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।'

मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। ऐसे में भारत में भी तेल के दाम बढ़ने का अनुमान था। इसी बीच भारत को 3 अप्रैल तक रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है।

# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन नहीं करेगी सरकार

- **लेकिन इस्तेमाल की कड़ी शर्तें**

**नई दिल्ली.** डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही बहस के बीच भारत सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। शीर्ष सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं है। इसके बजाय, सरकार 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए एक नुआंस्ड और ग्रेडेड (बारीक और श्रेणीबद्ध) दृष्टिकोण अपनाने पर विचार कर रही है, जिसमें उम्र के हिसाब से अलग-अलग पाबंदियां तय की जाएंगी।

**प्रस्तावित नियमों के तहत बच्चों को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है:**

- **8 से 12 वर्ष :** सबसे अधिक प्रतिबंधात्मक नियम।
- **12 से 16 वर्ष :** मध्यम स्तर की निगरानी और सीमाएं।
- **16 से 18 वर्ष :** अधिक स्वतंत्रता, लेकिन सुरक्षा मानकों के साथ।

इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा है कि सरकार इस मुद्दे पर एक नया कानून लाने की तैयारी में है, जिसे संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है।

सरकार का मानना है कि आज की पीढ़ी पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक जागरूक और परिपक्व है, इसलिए प्रतिबंध जैसा कठोर कदम उठाने के बजाय नियमों को तर्कसंगत बनाना बेहतर होगा।

आईटी मंत्रालय के भीतर चल रही चर्चाओं में 'टाइम-बेस्ड लिमिट' (समय सीमा) का विकल्प सबसे ऊपर है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार कुछ ऐसे प्रावधानों पर विचार कर रही है जिनमें बच्चों को शाम या रात के समय सोशल मीडिया लॉग-इन करने की अनुमति न हो। दिन भर में सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक निश्चित समय (जैसे एक घंटा) निर्धारित किया जाए। किसी भी प्लेटफॉर्म पर पहुंच के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति को तकनीकी रूप से लिंक किया जाए।

# लगातार 5 विकेट लेकर ब्रेट रैंडेल ने रचा इतिहास



- **254 साल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा**

**न्यू**जीलैंड के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गये। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।

रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं। दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की। रॉबर्ट ओ'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया। क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी। इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2.4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना बेहद मुश्किल था। थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे।

अपनी उपलब्धि पर रैंडेल ने कहा, "मैं भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। यह ऐसा लम्हा था जब मुझे लगा कि कोई आकर मुझे पिंच करे। मैं एकाग्र रहकर गेंद को एक ही जगह गिराने की कोशिश कर रहा था और हैट्रिक के बाद भी मैंने वही करना जारी रखा। मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह पहली बार हुआ 'प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट'। मेरे पास फिलहाल शब्द नहीं हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो मजा आया।"

# दामाद ने कैंची से काट डाली सास की नाक

- **कटा हिस्सा लेकर हुआ फरार**

**जालोर.** राजस्थान के जालोर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दामाद ने परिवार में विवाद के चलते कथित तौर पर कैंची से अपनी सास की नाक काट दी। यही नहीं वह नाक के कट्टे हुए हिस्से को लेकर मौके से फरार भी हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

बताया जा रहा है कि दामाद ने फसल काटने वाली कैंची से हमला किया। इसके बाद आरोपी के ससुर अपनी पत्नी को लेकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे जहां उनका ईलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। महिला के साथ हुई इस भयावह घटना से आपसास के लोग भी हैरान हैं तो वहीं बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।



- **पत्नी के परिवारवालों से विवाद चल रहा था**

पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम सोहन लाल है और यह घटना शुक्रवार शाम डूंगरी के बंधा गांव की है। आरोपी का लंबे समय से पत्नी के परिवारवालों से विवाद चल रहा था जिसने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। सोहन लाल ने करीब 6 साल पहले शादी की थी।

- **पति-पत्नी करीब एक साल से अलग रह रहे**

सोहनलाल और उसकी पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़े होते रहते थे ऐसे में दोनों करीब एक साल से अलग रह रहे थे। इसी वजह से दोनों परिवारों के बीच भी तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इस दौरान परिवार ने दोनों के बीच विवाद सुलझाने की भी कई कोशिश की थी लेकिन दोनों साथ रहने को राजी नहीं हुए। पुलिस ने बताया कि परिवारों के बीच कई दिनों से तनाव चल रहा था और शुक्रवार को घर में तीखी बहस हुई थी।

- **स्थानीय पुलिस स्टेशन जा रही थीं सास**

पीड़िता कैली देवी अपने दामाद सोहनलाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन जा रही थीं, तभी कथित तौर पर सोहनलाल ने उन पर कैंची से हमला किया और उनकी नाक काट दी। सरवाना एसएचओ मोहन लाल ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। परिवार के सदस्य महिला को ईलाज के लिए गुजरात के मेहसाना ले गए हैं। महिला और परिवार के सदस्यों के बयान अभी तक दर्ज नहीं किए गए हैं।

# देश में 33,577 बच्चे लापता, बंगाल टॉप पर

- **7 राज्यों में बच्चों के गुम होने का कोई मामला नहीं**
- **महिला व बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट**

**नई दिल्ली.** देशभर में बच्चों के लापता होने के आंकड़े चिंताजनक हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे गायब हुए। इनमें से 7,777 बच्चे अब तक नहीं मिले।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे ज्यादा 19,145 बच्चे पश्चिम बंगाल में लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ लिया गया, जबकि 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। मध्यप्रदेश में 4,256 बच्चे लापता हुए। इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक पता नहीं चल पाया।

**इन 6 राज्यों में रिपोर्ट नहीं**

नगालैंड, अरुणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात व लक्ष्यद्वीप और दादर नगर हवेली में बच्चों के लापता होने की कोई शिकायत नहीं मिली है।

# इस्लामिक नाटो की तैयारी!

- **अचानक सऊदी पहुंचे आसिम मुनीर, ईरान पर हमला करेंगे पाक और तुर्की?**

**रियाद.** मध्य पूर्व में लगातार बदल रहे हालात के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में सऊदी अरब की अरामको तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ है। इसके अलावा, अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मारे जाने के बाद तेहरान ने पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में कड़ी जवाबी सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंका पैदा हो गई है।



सऊदी रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर असीम मुनीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए इस बैठक की जानकारी दी। उन्होंने लिखा- पाकिस्तान के सेना प्रमुख और रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की। हमने किंगडम पर ईरानी हमलों और हमारे 'संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते' के ढांचे के भीतर उन्हें रोकने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की। हमने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती हैं और उम्मीद जताई कि ईरानी पक्ष समझदारी दिखाएगा और किसी भी गलत कदम से बचेगा।

इस बैठक को रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ महीने पहले तुर्की ने परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान और सऊदी अरब के साथ मिलकर त्रिकोणीय 'इस्लामिक नाटो' जैसा रक्षा गठबंधन बनाने की कोशिश की थी।

# CM ममता के धरने का तीसरा दिन

- **BJP पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार**

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। TMC सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है।

उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है।

**SIR की फाइनल वोटर लिस्ट में क्या-क्या है**

28 फरवरी को जारी ऑफिशियल डेटा के मुताबिक पिछले साल नवंबर में SIR प्रोसेस शुरू होने के बाद से अब तक 63 .66 लाख नाम, यानी वोटर्स का करीब 8 .3 परसेंट, हटा दिए गए हैं, जिससे वोटर्स की संख्या करीब 7 .66 करोड़ से घटकर 7 .04 करोड़ से थोड़ी ज़्यादा रह गई है। इसके अलावा, 60 .06 लाख से ज़्यादा वोटर्स को अंडर एडजुडिकेशन कैटेगरी में रखा गया है, जिसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में उनकी एलिजिबिलिटी कानूनी जांच के जरिए तय की जाएगी, यह एक ऐसा प्रोसेस है जो चुनाव क्षेत्र के चुनावी समीकरणों को और बदल सकता है।

ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, BJP ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है।

बनर्जी ने दावा किया कि BJP का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है।

ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजिन (SIR) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

# 10 लाख सस्ते घर और 'चौथी मुंबई' का प्लान

## संक्षेप...

### टैंकर की टक्कर से युवक की मौत

**पनवेल.** एक तेज रफ्तार टैंकर ने राहगीर को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना पनवेल में हुई, इस मामले में पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में टैंकर के ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम मनोज रामजी कांबले है. 38 साल का मनोज पनवेल स्थित उसर्ली गांव की घरकुल सोसायटी की इच्छापूर्ति बिल्डिंग में रहता था. पुलिस के अनुसार मनोज कांबले अपने घर से काम पर जाने के लिए निकले थे, उसी दौरान पानी के टैंकर को तेजी से चला रहे ड्राइवर ने मनोज को सामने से टक्कर मार दी.

- ग्रेटर मुंबई के लिए फडणवीस सरकार का 60 हजार करोड़ रुपये का बूस्टर डोज

**मुंबई.** मुंबईकरों का 'सही घर' का सपना अब सच होने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2026-27 के बजट में ग्रेटर मुंबई के ट्रांसफॉर्मेशन के लिए एक मेगा प्लान पेश किया है। स्लम रीडेवलपमेंट से लेकर सीधे समुद्र से चलने वाले सी ब्रिज तक, मुंबई अब वर्ल्ड-क्लास शहर बनने के लिए तैयार है।

### 10 लाख घर और 'नो न्यू स्लम' पॉलिसी

सरकार ने मुंबई में स्लम की सूरत बदलने के लिए कमर कस ली है।

**बड़ा फैसला:** मुंबई में करीब 20 लाख स्लम को रीडेवलप किया जाएगा और लोगों के लिए 10 लाख सस्ते घर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**हाई-टेक फॉलो-अप:** मुंबई में नई स्लम को बनने से रोकने के लिए GIS (जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड मैपिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। 'नो न्यू स्लम फ्रेमवर्क' शहर के प्लान्ड डेवलपमेंट को तेज करेगा।




### समुद्री यात्रा, उत्तन से विरार सी ब्रिज

ट्रैफिक जाम से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने 58,754 करोड़ रुपये के उत्तन से विरार सी ब्रिज का ऐलान किया है। यह रास्ता सीधे मुंबई-वडावन एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा।



**अटल सेतु अपडेट:** अटल सेतु को नवी मुंबई एयरपोर्ट से जोड़ने वाला 'उलवे किनारी मार्ग' जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा।

**सिवरी-वर्ली एलिवेटेड रोड:** इस रास्ते को सितंबर 2026 तक खोलने का टारगेट है।

### तीसरी और 'चौथी मुंबई' का जन्म !

मुंबई का फैलाव अब सिर्फ उपनगरों तक सीमित नहीं है। सरकार ने दो नए शहरों का ऐलान किया है।

**तीसरी मुंबई:** यह मॉडर्न शहर अटल सेतु (MTHL) के इलाके में बसा होगा।

**चौथी मुंबई:** पालघर में वडावन पोर्ट इलाके में एक नया इंडस्ट्रियल और रेजिडेंशियल सेंटर बनाया जाएगा। लक्ष्य: 2030 तक ग्रेटर मुंबई की इकॉनमी को $140 बिलियन से $300 बिलियन तक ले जाना।

### मेट्रो और सबवे नेटवर्क

सरकार ने मेट्रो प्रोजेक्ट्स के लिए खजाना खोल दिया है।

**मेट्रो-11 (वडाला से गेटवे):** 23,487 करोड़ रुपये का अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट।

**मेट्रो-8 (मुंबई एयरपोर्ट से नवी मुंबई एयरपोर्ट):** 22,862 करोड़ रुपये का प्रावधान।

**सबवे:** ऑरेंज गेट और मरीन ड्राइव के बीच हाई-टेक सबवे दिसंबर 2028 तक पूरा हो जाएगा।

अगले 5 सालों में मुंबई में रहना, घूमना और बिज़नेस करना पूरी तरह से बदल जाएगा। मुंबई अब सच में 'गेमचेंजर' मोड में है!

# भिवंडीकरों पर 994 करोड़ रुपए संपत्ति कर बकाया

- वसूली में प्रशासन रहा फिसड्डी
- 175.74 करोड़ रुपए वसूली का रखा गया है लक्ष्य
- अभी तक मात्र 70 करोड़ रुपए ही वसूले




### कितनी संपत्तियों पर है बकाया

| प्रभाग | आवासीय | कामर्शियल | कुल |
|---|---|---|---|
| 1. | 69,863 | 9,598 | 79,4611 |
| 2. | 52.298 | 8.073 | 60,371 |
| 3. | 59.776 | 7.559 | 67,335 |
| 4. | 32,776 | 8,243 | 41,019 |
| 5. | 30.720 | 6,265 | 36,985 |

### बकाया (करोड़ में)

| प्रभाग | पिछला | चालू वर्ष | कुल |
|---|---|---|---|
| 1. | 296.94 | 51.95 | 348.89 |
| 2. | 161.65 | 33.81 | 195.46 |
| 3. | 141.03 | 35.49 | 176.52 |
| 4. | 124.17 | 34.08 | 158.25 |
| 5. | 94.77 | 20.41 | 15.18 |

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा का शहरवासियों पर 994.30 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसमें 418 करोड़ रुपए ब्याज की राशि शामिल है। यह बकाया मनपा के वार्षिक बजट 800 करोड़ रुपए से ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए मनपा प्रशासन ने 175.74 करोड़ रुपए लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि, पिछले साल के बकाए और वसूली को देखते हुए माना जा रहा है कि इस लक्ष्य तक पहुंचना मनपा के लिए आसाना नहीं है।

बकाया टैक्स वसूली के लिए विशेष टीमें गठित

संपत्ति कर संकलन विभाग के प्रमुख सुधीर गुरख ने बताया कि वसूली की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सभी प्रभाग समितियों में 80 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इन्हें 2.85.171 संपति धारकों से वसूली की जिम्मेदारी सौपी गई है। इसके साथ ही विशेष टीमें गठित की गई हैं।

मनपा के कर संकलन विभाग के उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर ने बताया कि बकाया टैक्स वसूली में सुस्ती लंबे समय से मनपा के के लिए लिए बड़ी समस् समस्या है। इस वित्त वर्ष के पहले सात महीने में सिर्फ 29.96 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। इसमें 16 करोड़ रुपए चालू वर्ष का प्रॉपर्टी टैक्स और 13 करोड़ रुपए पुराना बकाया है।

उन्होंने बताया कि बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली के लिए मनपा समय-समय पर अभय योजना चलाती है, जिसके तहत ब्याज में शत-प्रतिशत त-प्रतिशत छूट दी जाती है। है। उन्होंने कहा कि अगर योजना के बाद भी बकाया भुगतान नहीं किया, तो बड़े बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विकास कार्यों पर पड़ रहा असर

मनपा की आय का मुख्य स्रोत संपत्ति कर है, लेकिन कई साल से वसूली में अपेक्षित वद्धि न होने से क्षेत्र के विकास कार्यों पर असर पड़ा है। बड़ी संख्या ऐसे लोगों 3. की है जो ब्याज माफी योजनाओं का इंतजार करते हुए बकाया टैक्स भुगतान को टाल देते हैं। मनपा ने स्पष्ट किया है कि यह योजना सीमित अवधि के लिए लागू की गई है। 31 मार्च 2026 के बाद कोई छूट नहीं दी जाएगी।

# मानस पाटिल ने रचा इतिहास

- विश्व में सबसे कम उम्र का बना समुद्री तैराक

**नवी मुंबई.** छह वर्ष का मास्टर मानस जयेश पाटिल ने उरण नागांव बीच से जवाहरलाल पोर्ट तक 17 किलोमीटर की ओपन सी स्विमिंग दूरी सफलता पूर्वक पूरी की। उन्होंने यह दूरी 4 घंटे 49 मिनट 50 सेकंड में पूरी कर एक ऐतिहासिक वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया।

बता दें कि जूरी एवं आधिकारिक पर्यवेक्षक यह विश्व रिकॉर्ड का प्रयास आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जूरी और अन्य आधिकारिक पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

आई ई ए जूरी पैनल में डॉ संदीप सिंह, हेमंत श्रृंगी, अरुण लाल के अलावा जे एन पी टी के अधिकारी सुनय मुखर्जी, अरुण जय कुमार सिंह संजीव नायर, राजेश सिंह, शिवेंद्र महात्रे आदि उपस्थित थे।




इस ऐतिहासिक प्रयास का मार्गदर्शन प्रसिद्ध ओपन वाटर स्विमर संतोष पाटिल ने किया। इस अवसर पर सुनील पाटिल और मयेकर सर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप सिंह ने मास्टर मानस जयेश पाटिल को वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

### ऐतिहासिक उपलब्धि

देश के लिए गर्व बात है और देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। डॉ संदीप सिंह ने मास्टर मानस जयेश पाटिल और उनकी पूरी टीम को इस ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड के लिए बधाई दी है।

# ट्रैफिक पुलिस की वजह से बारहवीं क्लास के दो स्टूडेंट्स ने दी परीक्षा

- ग्रीन कॉरिडोर जैसे एक्शन से स्टूडेंट्स कुछ ही मिनटों में परीक्षा सेंटर पहुँचे

**ठाणे.** ट्रैफिक पुलिस विभाग के तुरंत एक्शन से बारहवीं क्लास की परीक्षा देने जा रहे दो स्टूडेंट्स को परीक्षा सेंटर तक पहुँचने में मदद मिली है।ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट के निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त किरण बलवडकर ने ट्रैफिक पुलिस के ज़रिए तुरंत एक्शन लेकर सात किलोमीटर दूर परीक्षा सेंटर को कुछ ही मिनटों में पहुँचा दिया।शनिवार को दोपहर 2:30 बजे बारहवीं क्लास की भूगोल की परीक्षा थी। स्टूडेंट सुजीत मिश्रा और उनका एक परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए अंबरनाथ से कल्याण के लिए निकले थे। उस समय लोकल ट्रेनें उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हुई। जैसे ही हेल्पलाइन नंबर पर यह जानकारी मिली,उपायुक्त पंकज शिरसाट ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कल्याण विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त किरण बलवडकर ने तुरंत ध्यान दिया और छात्रों को बदलापुर-उल्हासनगर रोड पर साईंबाबा मंदिर के पास बुलाया। अंबरनाथ बीट मार्शल सलमान तड़वी और उल्हासनगर बीट मार्शल विजय गायकवाड़ वहां पहुंचे। दोनों पुलिस अधिकारियों ने एक-एक छात्र को अपने दोपहिया वाहनों पर बिठाया और उन्हें जल्दी से सुरक्षित रूप से कल्याण जोशी बाग, परनाका में अचीवर्स पब्लिक हाई स्कूल के परीक्षा केंद्र पर ले गए। कल्याण बीट मार्शल भीमराज दातिर ने भी रास्ता दिखाकर मदद की और दोनों छात्र परीक्षा में शामिल हो सके। 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की पृष्ठभूमि में, ठाणे शहर ट्रैफिक पुलिस विभाग ने पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के मार्गदर्शन में विशेष सुविधाएं शुरू की हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचें। शहर में अलग-अलग जगहों पर 54 राइडर्स तैनात किए गए हैं और ट्रैफिक कंट्रोल के WhatsApp नंबर 7039003866 के साथ हेल्पलाइन नंबर 8286300300 और 8286400400 पर संपर्क करने की अपील की गई है। 18 ट्रैफिक यूनिट्स में संपर्क के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।




# मुंबई के नायर अस्पताल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**मुंबई.** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बम धमाकों की धमकियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर मुंबई में स्थित नायर हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। यह जानकारी मिलते ही अस्पताल और प्रशासन में हड़कंप मच गया। मुंबई, 8 मार्च (आईएएनएस)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बम धमाकों की धमकियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

एक बार फिर मुंबई में स्थित नायर हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। यह जानकारी मिलते ही अस्पताल और प्रशासन में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक, नायर अस्पताल के आधिकारिक ईमेल पर धमकी दी गई है। ईमेल में कहा गया है कि हॉस्पिटल में बम रखा गया है और ब्लास्ट शाम 4 बजे होगा। ईमेल में मैसेज था कि हॉस्पिटल के डॉक्टर और लोग अलर्ट रहें। इस धमकी से अस्पताल परिसर में दहशत फैल गई। अस्पताल अधिकारियों ने मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी। सूचना मिलते ही बम स्क्वॉड और पुलिस के अधिकारी पहुंचे। जिन्होंने परिसर का निरीक्षण किया लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अब ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही है और आगे की जांच के लिए एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, कुछ दिन ही पहले मुंबई के स्कूलों, स्टॉक एक्सचेंज और मेट्रो स्टेशनों समेत देश के कई अन्य राज्यों में बम से उड़ाने की धमकी भेजकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल के 24 परगना इलाके से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सौरव विश्वास (28) के रूप में हुई थी। आरोपी ने मुंबई, दिल्ली, गुजरात, समेत देश के कई अन्य राज्यों में 50 से अधिक जगहों को बम धमाके की धमकियां भेजकर दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

### श्री क्षेत्र सिद्धेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**उल्हासनगर.** रविवार को कांबा गांव के पाचवा मेल स्थित श्री क्षेत्र सिद्धेश्वर मंदिर में भक्त पुंडलिक मंदिर मूर्ति का विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया. इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की.

कार्यक्रम के दौरान उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की.

इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. कार्यक्रम का आयोजन भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ.

# 'धुरंधर 2' का ट्रेलर देख 'आउट ऑफ कंट्रोल' हुईं आलिया भट्ट

- ऋतिक रोशन ने भी रणवीर सिंह की जमकर तारीफ की

रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। ट्रेलर में दमदार एक्शन, इंटेंस बैकग्राउंड म्यूजिक और रणवीर के खतरनाक अवतार ने दर्शकों के साथ-साथ बॉलीवुड सितारों को भी हैरान कर दिया है। खास बात यह है कि कई बड़े सितारों ने इस ट्रेलर पर तुरंत रिएक्शन दिया है, जिनमें आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन भी शामिल हैं।

ट्रेलर देखने के बाद आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि यह ट्रेलर 'आउट ऑफ कंट्रोल' है और उन्होंने 'बीस्ट मोड ऑन' जैसे शब्दों से फिल्म की तारीफ की। आलिया की इस प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म का एक्शन और प्रस्तुति उन्हें बेहद प्रभावित कर गई। ट्रेलर में रणवीर सिंह का अंदाज इतना दमदार दिखाया गया है कि फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी इसे लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

वहीं ऋतिक रोशन ने भी ट्रेलर पर कमेंट करते हुए रणवीर सिंह के काम की तारीफ की। उन्होंने ट्रेलर को बहुत ज्यादा अच्छा बताया और कहा कि यह बेहद प्रभावशाली है। खास बात यह है कि पहले फिल्म के पहले भाग की राजनीति से असहमति जताने के बावजूद ऋतिक ने इसके सीक्वल के ट्रेलर को शानदार बताया है।

फिल्म के ट्रेलर पर राम गोपाल वर्मा, रोहित शेट्टी और कई अन्य बॉलीवुड सितारों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर कमेंट और इमोजी के जरिए फिल्म की टीम को बधाई दी।



# आनंद नगर में धर्मवीर आनंद दिघे चौक का लोकार्पण संपन्न

**ठाणे.** मनपा द्वारा आनंद नगर में धर्मवीर आनंद दिघे चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन उत्साह के साथ संपन्न हुआ। चौक का उद्घाटन परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया और कार्यक्रम महापौर शर्मिला पिंपलोलकर की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर उप महापौर कृष्णा पाटिल उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उप अभियंता सुदर्शन मोरे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम के साथ-साथ मनपा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। यह चौक आनंद नगर में ग्रैंड स्क्वायर सोसायटी के पास है और सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने में मदद मिली है और यह क्षेत्र नागरिकों को आकर्षित कर रहा है।परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की अवधारणा के आधार पर इन चौकों का सौंदर्यीकरण किया गया है। इस चौक को इस तरह से सुंदर बनाया गया है कि यह लोगों को आकर्षित करेगा और बीच में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति रखी गई है, और लोग इसे देखने के लिए आ रहे हैं।



### ऑटो चालक को लूटा

**कल्याण.** गुलाब माने पिछले हफ्ते किसी काम से डोंबिवली के शास्त्रीनगर स्थित पालिका अस्पताल आए थे। दोपहर में जब वे वापस जा रहे थे, तभी डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन के पास पी.पी. चेंबर्स मॉल के सामने दो युवक उनकी रिक्शा के पास आए और निलजे के लोढा हेवन जाने की बात कहकर रिक्शा में बैठ गए। निलजे के शिवाजी चौक के पास पहुंचने के बाद आरोपियों ने रास्ते से शीतपेय की बोतलें खरीदीं। उनमें से एक बोतल में पहले से ही नशीला पदार्थ मिलाया गया था। दोनों ने दबाव बनाकर उन्हें वह पिला दिया। कुछ ही देर में माने बेहोश हो गए। इसी मौके का फायदा उठाकर दोनों बदमाशों ने उनके गले की करीब 9 ग्राम की सोने की चेन, 4 ग्राम की अंगूठी और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए।

# 10 मार्च से पानी की कटौती!

- इन इलाकों में नहीं आएगा BMC का पानी

**मुंबई.** मुंबई के गोरेगांव पूर्व इलाके में पानी की पाइपलाइन के मरम्मत कार्य के कारण कई इलाकों में 24 घंटे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने जानकारी दी है कि दादासाहेब फालके चित्रनगरी (फिल्म सिटी) मार्ग स्थित फ्लाईओवर के पास 750 मिमी व्यास की मुख्य जलवाहिनी की जोड़ाई का काम किया जाएगा।

बीएमसी के अनुसार, यह काम मंगलवार 10 मार्च को सुबह 9 बजे से शुरू होकर बुधवार 11 मार्च को सुबह 9 बजे तक चलेगा। इस 24 घंटे की अवधि के दौरान 'पी पूर्व' और 'पी दक्षिण' वार्ड के कई इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि कुछ हिस्सों में कम दबाव से आपूर्ति होगी।



### नागरिकों से खास अपील-

बीएमसी प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान पानी का उपयोग बहुत सावधानी और सीमित मात्रा में करें।

# ट्रेनों के जरिए हो रही गांजा तस्करी पर RPF का शिकंजा

**मुंबई.** ट्रेनों के जरिए हो रही नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सेंट्रल रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 43 किलो गांजा जब्त किया है।

बरामद मादक पदार्थों की कुल कीमत करीब 12.82 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में नागपुर और कलबुर्गी स्टेशनों पर तस्करी के नेटवर्क को निशाना बनाया गया। पहला मामला नागपुर रेलवे स्टेशन का है, जहां 6 फरवरी को आरपीएफ टीम नियमित निगरानी के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। टीम ने दो बैग लेकर घूम रहे एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान बैग से 9 पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 24.80 किलो था। इसकी अनुमानित कीमत करीब 3.72 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के भिंड निवासी शाहिद खान के रूप में हुई, जिसने बताया कि वह यह खेप ग्वालियर पहुंचाने वाला था। आरोपी को हिरासत में लेकर मामला आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी नागपुर को सौंप दिया गया।

उल्हास विकास NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नज़र, सबकी खबर
Since 1985


Late Shri. ASHOK U. BODHA

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099